INDIAN SCHOOL DARSAIT
TERM II - MARCH 2019
YEARLY EXAMINATION
HINDI

Class: IV Sec: …. Max.Marks:50
Date: 06.03.2019 Time: 2hrs
Name: ………………………….. Roll No:………

General Instructions

1. All the questions are compulsory
2. Answer all questions in a separate paper

प्र.1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- 5 X 1 = 5

जिस नगर को आज पटना कहते हैं वह प्राचीनकाल में पाटलिपुत्र कहलाता था। मौर्य सम्राटों के शासन-काल में यह नगर बड़ा संपन्न था। यहाँ पिपली कानन नाम का बड़ा सुंदर उद्यान था। किंतु समय बीतने के साथ यह उद्यान उजड़ गया। इसी उजड़े बगीचे में मौर्य सेनापति का एक घर था। मौर्य सेनापति के बंदी हो जाने के कारण उनके कुटुंब का जीवन किसी प्रकार कष्ट से बीत रहा था। एक बालक उसी घर के सामने खेल रहा था। कई लड़के उसकी प्रजा बने थे और वह था राज। उन्हीं लड़कों में से वह किसी को घोड़ा और किसी को हाथी बनाकर चढ़ता और दंड तथा पुरस्कार आदि देने का राजकीय अभिनय कर रहा था।

1. पटना का प्राचीन नाम क्या था ?
2. यहाँ किस नाम का उद्यान था ?
3. लड़का किसका अभिनय कर रहा था ?
4. गद्यांश से दो सर्वनाम शब्द चुनकर लिखिए।
5. मौर्य सेनापति के कुटुंब का जीवन किस प्रकार बीत रहा था ?

प्र.2. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए :- 6X ½= 3

1. उपलक्ष्य 2 . ऊधम 3 . भयानक 4 . हुकुम 5 . जुलूस 6 .सौर्दय।

प्र.3. में , मैं का प्रयोग कर खाली जगह भरिए :- 4X ½= 2

1 . आसमान ................... काले बादल छाए हैं।

2. ................... राघव के घर जा रहा हूँ।

3. डिविए ................... मोती है।

4. ................... कहानी पढ़ रहा हूँ।

प्र.4. क. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए :- 2X 1= 2

1 . ताकत 2. रक्षा

ख. संज्ञा शब्दों से वाक्य पूरा कीजिए :- 4X ½= 2

1. मीता ......... से खेल रही है। 2 . मेज पर ......... रख दो।

3. मनु का ......... भूरे रंग है। 4 . ......... जंगल में रहता है।

प्र.5. क. निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्द लिखकर खाली जगह भरिए:- 4X ½= 2

1. ......... ये पुस्तक पढ़ूँगा।

2. रीना ......... बहन है।

3. क्या ......... दिल्ली जाएँगे?

4. ......... एक सुंदर घर है।

ख. निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण शब्द पहचानकर लिखिए:- 4X ½= 2

1. रेखा ने ......... रंग की साड़ी पहनी है। ( चार/नीले )

2. बगीचे में ......... फूल खिले हैं । (रंग- बिरंगे /नमक )

3. मीता की कलम ......... है। ( पानी / सुंदर)

4. दादा जी बाज़ार से ......... सब्ज़ियाँ खरीदकर लाए। (ताज़ी / आसमान )

प्र.6. क. निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया शब्द भरिए :- 4X ½= 2

1. राघव साइकिल ........... रहा है। (चलाना)

2. हाथी नदी में ........... रही है। (नहाना)

3. गोपी बाँसुरी ........... रहा है। (बजाना)

4. कमला नानी को पत्र ........... रही है। (लिखना)

ख. निम्नलिखित वाक्यों में वाक्यों में काल पहचानकर लिखिए :- 4X ½= 2

1. आज मेरे पिता जी आएँगे। ........... ...........

2. दादा जी टहल रहे हैं। ........... ...........

3. कल प्रयाग में मेला लगा था। ........... ...........

4. बहन मेरे लिए हलवा बना रही है। ........... ...........

प्र.7. क. निम्नलिखित कीन्हीं चार शब्दों के विलोम शब्द लिखिए:- 4X ½= 2

1. शाम 2 .अमीरी 3 . ज़्यादा 4 . रुकना 5. खाली 6. गीला।

ख. निम्नलिखित कीन्हीं चार शब्दों के वचन बदलकर लिखिए:- 4X ½= 2

1. शिकायत 2.नदियाँ 3.कहानी 4. भैंसें 5. गड्ढा 6.जाति।

प्र.8. क. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए:- 4X ½= 2

1. दाल में काला होना 2. नौ दो ग्यारह होना 3.अक्ल का दुश्मन 4. होश उड़ जाना।

ख. निम्नलिखित शब्दों के दो -दो पर्यायवाची शब्द लिखिए:- 2X 1= 2

1. पवन 2 . शरारती

प्र.9. क. निम्नलिखित लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- 5X 1= 5

1. बूढ़ा रोज़ाना क्या करता था?

2. अचानक नदी में क्या हुआ?

3. फ़ेलिसिटास कहाँ जा रही थी?

4. गाँव में मोगली किसके पास रहता था?

5. घड़ी में पेंडुलम की गति धीमी होने से क्या पता चलता है?

ख. दीर्ध प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- 3X 2= 6

1. बच्चा क्या शरारत किया करता था?

2. घड़ी और नाड़ी का क्या संवंध है?

3. गाँव के लोग कटोरे में दूध क्यों रखते थे?

प्र.10. क. निम्नलिखित विषय में से किसी एक पर पत्र लिखिए:- 4X 1= 4

जन्मदिन के अवसर पर मित्र को निमंत्रण देना।

या

मित्र के जन्मदिन पर बधाई का संदेश देना।

ख. निम्नलिखित विषय में से किसी एक पर अनुच्छेद लिखिए:- 5X 1= 5

मेरा परिवार , समय का महत्व या गणतंत्र दिवस